संचिका सं०–17/पेन–24/2026 – 1386.117)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

रेणु कुमारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक – 16.10.26

विषय :– **डॉ० हिमांशु कुमार, सेवानिवृत प्राध्यापक, औषधि विभाग, पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के दिनांक–31.07.2026 को सेवानिवृत होने के फलस्वरूप अनुमान्य पेंशन/उपादान एवं पेंशन रूपान्तरण की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डॉ० हिमांशु कुमार, सेवानिवृत प्राध्यापक, औषधि विभाग, पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के सेवानिवृति की तिथि–31.07.2026 है। अतः दिनांक–01.08.2026 के प्रभाव से अनुमान्य पेंशन/उपादान एवं पेंशन रूपान्तरण की स्वीकृति प्रदान की जाती है। **डॉ० कुमार** पर किसी भी प्रकार का विभागीय बकाया नहीं है।

2. यह आदेश इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि यदि **डॉ० कुमार** को अनुमान्य राशि से अधिक अथवा कम का भुगतान हुआ हो तो तद्नुसार उसकी वसूली/प्रतिपूर्ति की जायेगी।

3. इस पत्र के साथ संलग्न अनुलग्नक :–

(i) पेंशन प्रपत्र – दो प्रतियों में निम्नांकित कागजातों के साथ संलग्न है –
(क) पारिवारिक सदस्यों की सूची
(ख) अभिप्रमाणित फोटो
(ग) हस्ताक्षर का नमूना
(घ) पेंशन/उपादान की गणना तालिका
(ङ) पेंशन रूपान्तरण संबंधी प्रपत्र

(ii) वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रदत्त कम्प्युटर विवाह एव विविध अग्रिम, भूमि क्रय/गृह निर्माण अग्रिम एवं मोटर वाहन/मोटर साईकल/मोटर वाहन मरम्मति अग्रिम संबंधी मांग रहित प्रमाण–पत्र,

(iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कर प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना द्वारा प्रदत्त आवासीय मांग रहित प्रमाण–पत्र

(iv) सेवा इतिहास,

(v) प्राचार्य कार्यालय द्वारा निर्गत बकाया रहित प्रमाण–पत्र

कृपया **डॉ० कुमार** का पेंशन/उपादान एवं पेंशन रूपान्तरण का प्राधिकार पत्र जॉचोपरान्त निर्गत करने की कृपा की जाय।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह०/–
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

D/JY/Pension letter

ज्ञापांक :–17 / पेन–24 / 2026 – 1386 (17) / स्वा०, पटना, दिनांक– 16.10.26

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना / प्राचार्य, पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– डॉ० हिमांशु कुमार, सेवानिवृत प्राध्यापक, औषधि विभाग, पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना, **पत्राचार का पता**–302, रामेश्वरम् अपार्टमेंट, फेज–02, पाण्डेय मोर्टस कैम्पस, भुतनाथ रोड, डाकघर–बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, थाना–अगमकुआँ, जिला–पटना, पिन कोड–800026 को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर / प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

15/10/26

विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त।